आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 31.08.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने रुड़की के लंढौरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ किया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से देहरादून के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने मुलाकात की।
- टिहरी जिले में मालागूंठी के पास दो वाहनों की टक्कर में दो लोगों की मृत्यु, दो अन्य घायल।
- और... प्रदेश में मौसम सक्रिय; चार जिलों में ऑरेंज अलर्ट, 78 सड़कें अवरुद्ध।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने रुड़की के लंढौरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ किया। केंद्र के शुरू होने से लंढौरा और आसपास के गांवों के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी।

आकाशवाणी समाचार देहरादून से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि केंद्र का निर्माण वर्ष 2021 में शुरू हुआ था। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसे स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को जल्द स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सीएमओ को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

राष्ट्रपति भवन भ्रमण

रक्षाबंधन के अवसर पर देहरादून जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति से हुई आत्मीय और प्रेरणादायी भेंट विद्यार्थियों के लिए यादगार अनुभव रही। इस संवाद से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नई ऊर्जा और देश के प्रति समर्पण की भावना मजबूत हुई।

28 से 30 अगस्त तक आयोजित तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्रत्येक विद्यालय से पांच–पांच विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने नई दिल्ली के विभिन्न ऐतिहासिक, शैक्षणिक और ज्ञानवर्धक स्थलों का भी भ्रमण किया।

इस दौरान उन्हें देश के इतिहास, संस्कृति, लोकतांत्रिक व्यवस्था और राष्ट्रीय विरासत को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला।

## सर्वोच्च राजकीय सम्मान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ताशकंद में उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव ने देश के सर्वोच्च राजकीय सम्मान ऑर्डर ऑफ ओलिय दरजाली दोस्तलिक से सम्मानित किया।

प्रधानमंत्री ने यह सम्मान भारत और उज्बेकिस्तान के बीच लंबे समय से चले आ रहे मजबूत संबंधों को समर्पित किया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह यह सम्मान पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## कुमाऊं रेजिमेंट

पूर्व सैनिक संगठन ने चीड़बाग स्थित शौर्य स्थल पर प्रथम परमवीर चक्र विजेता शहीद मेजर सोमनाथ शर्मा की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है। कुमाऊं रेजिमेंट की चौथी बटालियन के पूर्व सैनिक संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि प्रस्ताव पर उचित स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश के वीर सैनिकों की शौर्यगाथाएं युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनके सम्मान में हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

संगठन ने कहा कि शौर्य स्थल पर उनकी प्रतिमा स्थापित होने से उनकी वीरता और बलिदान को स्थायी सम्मान मिलेगा और युवा पीढ़ी को देशभक्ति तथा राष्ट्रसेवा की प्रेरणा मिलेगी।

गौरतलब है कि मेजर सोमनाथ शर्मा कुमाऊं रेजिमेंट के वीर सपूत थे। वर्ष 1947 में कश्मीर के बड़गाम में देश की रक्षा करते हुए उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके अदम्य साहस और वीरता के लिए उन्हें मरणोपरांत भारत के प्रथम परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

## दुर्घटना

टिहरी जिले के मुनिकीरेती थाना क्षेत्र में मालागूंठी के पास दो वाहनों की टक्कर में कार सवार चार लोगों में से दो की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं।

पुलिस के अनुसार, कार ऋषिकेश से श्रीनगर की ओर जा रही थी, जबकि डंपर श्रीनगर से ऋषिकेश की ओर आ रहा था। इसी दौरान दोनों वाहनों की आमने–सामने टक्कर हो गई।

कार में एक पुरुष और तीन महिलाएं सवार थीं। दुर्घटना के बाद सभी को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन

हरिद्वार में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और मिलावट पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन ने विशेष निरीक्षण अभियान चलाया।

अलग–अलग टीमों ने शिवालिक नगर, आर्यनगर, रानीपुर मोड़ और झबरेड़ा समेत कई क्षेत्रों में किराना स्टोर, रिटेल दुकानों और डिपार्टमेंटल स्टोरों का निरीक्षण किया।

अभियान के दौरान बेसन, मैदा, काली मिर्च, पोहा, खाद्य तेल, चायपत्ती, देसी घी, नमकीन और बिस्कुट समेत विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए।

निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों पर खाद्य लाइसेंस और जरूरी दस्तावेज उपलब्ध नहीं मिले। वहीं, पैकिंग और लेबलिंग में भी अनियमितताएं पाई गईं। इस पर संबंधित खाद्य कारोबारियों को नोटिस जारी किए गए।

विभाग ने दुकानदारों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने, साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखने और खाद्य सुरक्षा से संबंधित अनिवार्य दस्तावेज उपलब्ध रखने के निर्देश दिए हैं।

मौसम

प्रदेश में अगले कुछ दिन मौसम सक्रिय बना रहेगा। मौसम विभाग ने आज देहरादून, नैनीताल, चमोली और बागेश्वर जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट घोषित किया गया है।

राजधानी देहरादून, चमोली, बागेश्वर और नैनीताल समेत कई जिलों में आज बादल छाए हुए हैं और बारिश के आसार बने हुए हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, कल देहरादून और टिहरी में भी मूसलाधार बारिश की चेतावनी है। वहीं, अन्य पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। दो से चार सितंबर तक प्रदेश के पर्वतीय जिलों में मौसम का यही मिजाज बने रहने का अनुमान हैं।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, बारिश और भूस्खलन के कारण प्रदेश के विभिन्न जिलों में करीब 78 सड़कें अवरुद्ध हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास लगातार जारी हैं। मौसम विभाग ने श्रद्धालुओं, पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों से नदी–नालों से दूर रहने तथा संवेदनशील स्थानों पर जाने से बचने की अपील की है। पिछले 24 घंटे के दौरान देहरादून सहित राज्य के कई पर्वतीय जिलों में लगातार बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम की स्थिति को देखते हुए आज देहरादून, पौड़ी, नैनीताल, चमोली, अल्मोड़ा और बागेश्वर जिलों में एक दिवसीय अवकाश घोषित किया गया था।

अंतरराज्यीय नशा तस्कर

देहरादून पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 511 ग्राम अवैध चरस के साथ एक अंतरराज्यीय नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है।

नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने 29 अगस्त की रात बाईपास फ्लाईओवर अंडरपास के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 511 ग्राम चरस बरामद हुई।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के देवबंद निवासी के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चरस देवबंद से लेकर देहरादून आया था और इसे स्थानीय नशे के आदी लोगों को बेचने की फिराक में था।